झारखण्ड सरकार

# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

वन भवन, ब्लॉक-'ए' पुरूलिया रोड़, चास, बोकारो-827013

Email – cf-bokaro@gov.in, bokarocf@gmail.com, cfbokaro@rediffmail.com मो० – 8987790301

पत्रांक : 790, दिनांक : 01/04/19

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल।

**विषय :–** **इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड हेतु 184.23 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि आपसे प्राप्त विषयगत वन भूमि अपयोजन के प्रस्ताव के समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण से उसमें निम्नवत् त्रुटियाँ परिलक्षित होती है :–

1. विभिन्न प्रमण्डलों द्वारा क्षतिपूरक वनरोपण हेतु समर्पित प्राक्कलनों एवं आपके द्वारा पार्ट–II में अंकित सूचना में दर्शाये गये भूमि के क्षेत्रफल में अंतर है। इसे स्पष्ट किया जाय।
2. उपायुक्त, बोकारो के पत्रांक 77 दिनांक 30.01.2019 के द्वारा वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत् निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र में अंकित भूमि एवं प्रस्तावित वन भूमि तथा जंगल–झाड़ी भूमि में काफी अंतर है। इसे स्पष्ट किया जाय।
3. प्रस्ताव में समर्पित वृक्षों की गणना सूची त्रुटिपूर्ण है। उसमें वृक्षवार विस्तृत गणना सूची संलग्न नहीं है। कृपया इसे समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय।
4. प्रस्ताव के साथ मौजावार/प्लॉटवार/एरियावार प्रस्तावित स्थल से संबंधित Land Schedule समर्पित नहीं किया गया है। अतः कृपया इसे समर्पित किया जाय।
5. प्रस्तावित स्थल का KML File समर्पित नहीं है।
6. प्रस्ताव में पूर्व में उपयोग किये गये/अतिक्रमित 89.43 हे0 सुरक्षित वन भूमि के अतिरिक्त 9.84 हे0 के अपयोजन हेतु प्रस्ताव भेजने का औचित्य क्या है। कृपया इसे स्पष्ट किया जाय।

निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त त्रुटियों का निराकरण कर प्रतिवेदित करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि प्रस्ताव पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

1/4/19

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

01/04/19

D:\Anand Kr. 2014-15\FC Act\Other Letter\Electrosteel Steels Limited 184.23 Ha Letter.doc